
# पीएम ने भारत का मस्तक किया ऊंचा

**65** एकड़ में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मोदी ने लोकार्पण किया

**230** करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परिसर

## नरेंद्र मोदी ने साकार किया दीनदयाल उपाध्याय का संकल्प :



> लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परिसर भारतीय राजनीति, राष्ट्रनिर्माण और विचारधारा को दिशा देने वाली महान विभूतियों को समर्पित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार किया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता थे और आज मोदी सरकार उन्हीं विचारों के आधार पर गरीब कल्याण की योजनाएं चला रही है।

**लखनऊ, 25 दिसंबर. लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 37 हटाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना पूरा किया है। राजनाथ ने यह भी कहा कि श्यामा प्रसाद के सपने का भारत अब जाकर साकार हो रहा है. भारत के प्रति दुनिया की सोच अब बदल रही है. पीएम मोदी को उन्होंनें कहा कि मोदी बोलते हैं, तो दुनिया सुनता है.**

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्रनिर्माण में महान विभूतियों के योगदान को भी रेखांकित किया। राजधानी लखनऊ में 65 एकड़ में विकसित भव्य राष्ट्र प्रेरणा स्थल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया। हरदोई रोड स्थित गोमती तट पर बने इस प्रेरणा स्थल को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर देश को समर्पित किया गया।

## दिल्ली वासियों ने 50 दिनों के बाद ली स्वच्छ हवा मे सांस

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी वासियों को क्रिसमस सुबह 50 दिनों में सबसे स्वच्छ हवा मिली। दिवाली के बाद से जारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर 220 पर आ गया जो राजधानी के लोगों के लिए बहुत राहत वाली रिपोर्ट है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह 8-05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 220 दर्ज किया गया, जो नवंबर की शुरुआत के बाद सबसे कम है। यह मंगलवार शाम चार बजे दर्ज 24 घंटे के औसत एक्यूआई 271 की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

## संगीत निकेतन का 75वां वार्षिक उत्सव आयोजित

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर। देश की कला-संस्कृति को प्रमोट करने की दिशा में कार्यरत की दिल्ली की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक संगीत निकेतन का 75 वॉ वार्षिक उत्सव आज एलटीजी ऑडिटोरियम में अत्यंत धूम-धाम से मनाया गया।**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन सतीश उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि संस्था के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गंभीर झलक दिखती है। येसे आयोजन देश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ियों तक हस्तांतरित करने का बड़ा काम कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक एवं कला प्रेमी हरीश खुराना भी मौजूद थे। इस



संस्था की प्राचार्या मीनाक्षी चांद ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की दिल्ली के तीन अलग-अलग केंद्रों के बच्चों ने नृत्य एवं संगीत के एक दर्जन से भी ज़्यादा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस संस्था की स्थापना जल तरंग के प्रख्यात कलाकार स्वर्गीय गुलाब राय ने 1950 में की थी ।तब से यह संस्था देश की समृद्ध शास्त्रीय परंपरा को अनवरत रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

## पीएम मोदी, राहुल, खरगे ने दी क्रिसमस की बधाई



**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को देशवासियों को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और शांति, करुणा और आशा के महत्व पर जोर दिया।**

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा - सभी को शांति, करुणा और आशा से भरा आनंदमय क्रिसमस की शुभकामनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यीशु मसीह की शिक्षाएं समाज में सद्भाव को मजबूत करेंगी। वंही, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिीकार्जुन खरगे ने गुरुवार को देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

> **प्रार्थना सभा में शामिल हुए पीएम मोदी**
>
> नयी दिल्ली 25 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर गुरुवार को यहां स्थित द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस प्रात :कालीन प्रार्थना सभा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रार्थना सभा प्रेम, शांति और करुणा के शाश्वत संदेश को प्रतिबिंबित करती है।

## दिल्ली में सरकार कर रही है अटल कैंटीन की शुरूआत

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को किफायती, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन देने के मकसद से एक बड़ी जन कल्याणकारी पहल के तौर पर अटल कैंटीन योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत लोग सिर्फ 1 रुपये की मामूली कीमत पर पौष्टिक भोजन का लाभ उठा सकेंगे।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लाजपत नगर में अटल कैंटीन का उद्घाटन करेंगी, जिसके साथ ही पूरे शहर में इस योजना की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली सरकार के मंत्री और संसद सदस्य भी अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में अटल कैंटीन खोलेंगे, जिससे पूरे दिल्ली में एक साथ यह योजना शुरू हो सकेगी। पहले चरण में, यह योजना 25 दिसंबर से शुरू होकर शहर भर में 100 जगहों को समाहित करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी अटल कैंटीन स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता के सख्त मानकों को बनाकर रखेंगी और एफएसएसएआई एवं एनएबीएल के नियमों का पालन करेंगी। इसमें पारदर्शिता और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सासीटीवी कैमरों की सुविधा भी होंगी।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में आठ आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, 25 दिसंबर।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में सेना के एक अभियान के दौरान आठ आतंकवादी मारे गये ।पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी से जुड़े आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को कलात जिले में यह अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर धावा बोला। दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी में आठ आतंकवादी मारे गए।

## मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

### ईडी ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी मामला

**नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) के जालंधर कार्यालय ने लुधियाना के जाने-माने उद्योगपति एसपी ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में 11 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया।**

अधिकारियों ने गुरूवार को बताया कि उन्होंने इस मामले में मुख्य आरोपी रूमी कलिथा को गिरफ्तार किया है और तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद कर जब्त किए गए हैं। ईडी ने लुधियाना के साइबर अपराध थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की।

> इसी आपराधिक समूह से जुड़े साइबर अपराध या डिजिटल गिरफ्तारी के संबंध में इसके बाद विभिन्न पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज की गई नौ और प्राथमिकी को भी जांच में शामिल किया गया। ईडी की जांच में पता चला कि एसपी ओसवाल की डिजिटल गिरफ्तारी के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारी बनकर धोखेबाजों ने जाली आधिकारिक और न्यायिक दस्तावेजों का इस्तेमाल करके उन्हें 7 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया।

### एक नजर में



#### हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच मरे

**दार ए सलाम, 25 दिसंबर।** पूर्वी अफ्रीकी देश तंजानिया में माउंट किलिमंजारो पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गयी। तंजानिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि दुर्घटना के समय विमान मेडिकल आपातकालीन स्थिति में लोगों को निकालने का काम कर रहा था। तंजानिया नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (टीसीएए) के एक बयान के अनुसार, हेलीकॉप्टर बुधवार को बाराफू कैंप के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ जो पहाड़ की चोटी पर पहुंचने की कोशिश करने वाले पर्वतारोहियों के लिये आखिरी पड़ावों में से एक है। मरने वालों में पायलट, एक डॉक्टर, एक गाइड और दो विदेशी पर्यटक शामिल थे। पर्यटकों की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया गया है।

#### कोयला खदान में चार लोगों की मौत

**कुनमिंग, 25 दिसंबर।** दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में बुधवार को एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी एवं तीन लोग अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोयले और गैस विस्फोट के बाद बचावकर्मियों ने चार शव निकाल लिए हैं और तीन लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय सरकार के मुताबिक यह हादसा कल रात करीब 8-10 बजे झेनक्सियोंग काउंटी में डेइंग कोयला खदान में हुआ। लापता लोगों को बचाने की कोशिशें और हादसे के कारणों की जांच कर जा रही है।

#### भ्रामक विज्ञापन.. विजन आईएएस पर 11 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, 25 दिसम्बर.** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सिविल सेवा परीक्षा के परिणामों के बारे में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए कोचिंग संस्थान विजन आईएएस (अजयविजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के कारण लगाया गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि संस्थान ने सीएसई 2023 में शीर्ष 10 में 7 तथा शीर्ष 100 में 79 चयन और सीएसई 2022 में शीर्ष 50 में 39 चयन जैसे दावों का विज्ञापन किया था, जिसमें सफल उम्मीदवारों के नाम, तस्वीरें और रैंक प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए थे।

## मुर्मु ने संविधान के संस्करण का किया विमोचन

**नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारत के संविधान के संथाली भाषा में संस्करण का विमोचन किया।**



राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह सभी संथाली लोगों के लिए गौरव और आनंद का विषय है कि अब भारत का संविधान ओल चिकी लिपि में संथाली भाषा में उपलब्ध है। इससे ये लोग संविधान को अपनी ही भाषा में पढ़ और समझ सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस वर्ष ओल चिकी लिपि की शताब्दी मनाई जा रही है।

उन्होंने शताब्दी वर्ष में भारत के संविधान को ओल चिकी लिपि में प्रकाशित करने के लिए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री तथा उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन , केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

### आज का इतिहास

- 1666- सिखों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह का जन्म।
- 1748-फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1899- स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ऊधम सिंह का जन्म।
- 1904 - दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन।
- 1925 - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना।
- 1929- गुजराती साहित्यकार तारक मेहता का जन्म।
- 1977 - सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- 1978 - भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल

## भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

### 99.2प्रतिशत ब्रॉड गेज नेटवर्क हुआ विद्युतीकृत

राउंड अप 2025

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर। भारतीय रेलवे ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने यूनाइटेड किंगडम, रूस और चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।**

यह कदम न केवल रेल परिचालन को अधिक कुशल बनाएगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाकर भारत के हरित और स्थिरता लक्ष्यों को भी मजबूती देगा। भारतीय रेलवे ने अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99.2



प्रतिशत विद्युतीकरण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, यह उपलब्धि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों की सूची में सबसे आगे ले जाती है, जहां यूके का विद्युतीकरण 39 प्रतिशत, रूस का 52 प्रतिशत और चीन का 82 प्रतिशत है। रेलवे के 14 जोन, जिनमें सेंट्रल, ईस्टर्न और नॉर्थर्न रेलवे शामिल हैं, पूरी तरह से 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुके हैं। यह परिवर्तन 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है, जिससे देशभर में स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिला है। 2014 से 2025 के बीच करीब 46,900 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया, जो पिछले छह दशकों की कुल प्रगति से दोगुना है। इसका सीधा लाभ पर्यावरण को मिल रहा है, क्योंकि रेल परिवहन सड़क परिवहन की तुलना में लगभग 89 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करता है।

> **रेल विस्तार में रिकॉर्ड रफ्तार**
>
> 2025 में 1.2 लाख किमी नेटवर्क की ओर भारत पूर्वोत्तर में रेलवे का बड़ा विस्तार, मार्च 2025 तक 278 किमी नई लाइनें बिछीं भारतीय रेलवे ने 2025 में नेटवर्क विस्तार को नई गति देते हुए पूर्वोत्तर सहित कई क्षेत्रों में नई रेलवे लाइनें बिछाई हैं। मार्च 2025 तक केवल पूर्वोत्तर में 278 किलोमीटर नई लाइनें जोड़ी गईं। रेलवे का लक्ष्य 2025 तक कुल नेटवर्क को 1.2 लाख किलोमीटर तक पहुंचाना है।

## बीएनपी नेता तारिक 17 साल के निर्वासन के बाद ढाका लौटे

**ढाका, 25 दिसंबर। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी ( बीएनपी ) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन में 17 साल निर्वासन में बिताने के बाद गुरुवार को ढाका लौट आये। श्री रहमान की वापसी 12 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले बंगलादेश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण के तौर पर देखा जा रहा है।**

पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बड़े बेटे श्री रहमान सुबह की फ्लाइट से स्वदेश पहुंचे। अवामी लीग सरकार के कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद उन्होंने खुद ही देश छोड़ दिया था। जब श्री रहमान गुरुवार को देश लौटे तो एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ उनके स्वागत के लिये एयरपोर्ट आई। बीएनपी के झंडे और पटके लिये समर्थक एवं कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और पूरे जोश के साथ श्री रहमान का स्वागत किया। श्री रहमान की वापसी बंगलादेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है। अंतरिम सरकार ने बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के बीच राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा की है। इस अवधि में सड़कों पर अक्सर अशांति रही है और कट्टरपंथी भीड़ सार्वजनिक स्थलों पर तोड़फोड़ और आगज़नी के लिये ज़िम्मेदार रही है।

## लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे अटल : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भावुक संदेश साझा किया।**

केजरीवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को लोकतंत्र में संवाद, सहमति और गरिमा की राजनीति का सशक्त प्रतीक बताया। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर दिया गया यह संदेश भारतीय लोकतंत्र की उस परंपरा को रेखांकित करता है, जहां विचारधाराओं से इतर राष्ट्रनायकों के योगदान को सम्मान दिया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि अपनी वाणी, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था के लिए भी जाने जाते थे। केजरीवाल के इस संदेश को राजनीतिक शालीनता और लोकतांत्रिक संस्कृति के प्रति सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर उनके इस बयान को व्यापक सराहना मिल रही है, जहां विभिन्न दलों के नेताओं और आम नागरिकों ने भी अटल जी को याद किया।

> आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी को शत-शत नमन किया और उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों का मजबूत स्तंभ बताया। अपने संदेश में केजरीवाल ने लिखा कि अटल बिहारी वाजपेयी लोकतंत्र में संवाद, सहमति और गरिमा की राजनीति के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि एक प्रखर वक्ता और संवेदनशील राजनेता के रूप में अटल जी का लोकतांत्रिक मूल्यों पर अटूट विश्वास सदैव स्मरणीय रहेगा।



**जयंती** | राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम नरेंद्र मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की

# विकास पुरुष अटल वाजपेयी को देश ने किया याद

**नयी दिल्ली ,25 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सदैव अटल स्मारक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 11वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।**

इसके अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन, दिल्ली




की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कई केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी स्वर्गीय प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा, वाजपेयी जी का व्यक्तित्व, कार्य और नेतृत्व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे। उन्होंने कहा, एक प्रखर वक्ता के साथ-साथ ओजस्वी कवि के रूप में भी वह सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व देश के चहुंमुखी विकास के लिए पथ-प्रदर्शक बना रहेगा। वाजपेयी का जन्म 1924 में ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में हुआ और उनका निधन 16 अगस्त 2018 को नयी दिल्ली में हुआ। सरकार उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने एक्स पर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनेता, कवि और एकीकरण के प्रतीक थे।

> **मोदी ने मदन मोहन मालवीय को दी श्रद्धांजलि**
>
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत रत्न मदन मोहन मालवीय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के शिक्षा क्षेत्र और राष्ट्रीय चेतना में उनके योगदान की सराहना की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा- उनकी जयंती के अवसर पर, पंडित मदन मोहन मालवीय को सादर नमन, जिन्होंने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया।

## चीन में कोयला खदान में हुये हादसे में चार लोगों की मौत

**कुनमिंग, 25 दिसंबर।** दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में बुधवार को एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी एवं तीन लोग अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोयले और गैस विस्फोट के बाद बचावकर्मियों ने चार शव निकाल लिए हैं और तीन लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय सरकार के मुताबिक यह हादसा कल रात करीब 8-10 बजे झेनक्सियोंग काउंटी में डेइंग कोयला खदान में हुआ। लापता लोगों को बचाने की कोशिशें और हादसे के कारणों की जांच कर जा रही है।

## रेलवे ने बंगाल में पुल के पुनर्निर्माण के लिए 432 करोड़ रुपये की दी मंजूरी

**नयी दिल्ली 25 दिसंबर. सुरक्षा, संपर्क, क्षमता और परिचालन दक्षता में बढ़ोतरी करने के लिए रेलवे ने दक्षिण पूर्व रेलवे ( एसईआर ) के अंतर्गत आने वाले हावड़ा-खड़गपुर खंड पर स्थित पुल संख्या 57 के पुनर्निर्माण करने का निर्णय लिया है और इसके लिए 431.76 करोड़ रुपये की लागत वाले अवसंरचना परियोजना को मंजूरी प्रदान की है.**

रेलवे ने गुरुवार को यहां बताया कि इस परियोजना में परिवर्तित अलाइनमेंट पर पुल की अधोसंरचना का पुनर्निर्माण तथा एक नये वायाडक्ट (लंबी, ऊँची संरचना) का निर्माण शामिल है. इसके साथ ही खड़गपुर मंडल में देउल्टी और कोलाघाट स्टेशनों के बीच कोलाघाट रेलवे स्टेशन का विकास, व्यापक प्लेटफॉर्म कार्य तथा उन्नत यात्री सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी.

रेलवे के मुताबिक पुल संख्या 57 पिछले छह दशकों से अधिक समय से सुदृढ़ नींव पर इस खंड में रेल संचालन को सहारा दे रहा है. अब पुनर्निर्माण के तहत एक आधुनिक और मजबूत संरचना तैयार की जाएगी, जिससे स्थायित्व बढ़ेगा और उम्र से संबंधित सामग्री क्षरण कम होगा. उन्नत डिज़ाइन से सुरक्षा मानकों में मजबूती आएगी और दीर्घकालिक सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी.